आदेश – पत्रक

| आदेश की क्र० सं० और तारीख | आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर | आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी तारीख सहित |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |

## न्यायालय उप समाहर्त्ता, भू0सु0 सदर मेदिनीनगर।

दा0खा0 अपील वाद सं0– XV/07 / 2016–17

22.3.22 सुरेन्द्र सिंह — अपीलार्थी

बनाम

भुखु यादव वगै0 — विपक्षी

**आदेश**

अपीलार्थी ने विद्वान अंचल अधिकारी, पांकी द्वारा दाखिल खारीज वाद सं0–207/2015–16 में दिनांक 19.09.2015 को ग्राम सालमदीरी थाना पांकी जिला पलामू के खाता नं0–01 प्लौट नं0–26 रकबा 0.60 एकड़ भूमि की विपक्षी के नाम से पारित दाखिल खारीज आदेश के विरूद्ध दायर किया है। विपक्षी ने वर्ष 1997 में प्रश्नगत् भूमि क्रय कर दखल कब्जा में रहने का दावा किया है। अपीलार्थी विगत कई तिथियों से लगातार अनुपस्थित है। अपीलार्थी द्वारा दायर मेमो ऑफ अपील में दावा किया गया है कि अपीलार्थी के कागजात एवं प्रश्नगत् भूमि पर दखल कब्जा के बिन्दु पर बिना विचार किए ही आदेश पारित किया गया है जो दाखिल खारीज के नियमों के विरूद्ध है। ऐसी स्थिति में अंचल अधिकारी द्वारा पारित आदेश निरस्त किया जाता है तथा मामले को रिमाण्ड करते हुए अंचल अधिकारी, पांकी को दोनो पक्षों का कागजात का अवलोकन करने एवं प्रश्नगत् भूमि का स्थलीय जांच के बाद नये सिरे से नियमानुसार/विधि सम्मत आदेश पारित करने का निदेश दिया जाता है।

इस निदेश के साथ इस वाद की कार्रवाई समाप्त की जाती है।

लेखापित एवं संशोधित।

उप समाहर्त्ता, भू0सु0
सदर मेदिनीनगर।

उप समाहर्त्ता, भू0सु0,
सदर मेदिनीनगर।

ज्ञापांक 327 /भू0सु0 दिनांक 30.3.22
प्रतिलिपि अंचल अधिकारी पांकी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
30.3.22
उप समाहर्त्ता भू0सु0
सदर मेदिनीनगर।

पलामू जिला बार एसोसिएशन अधिवक्ता कल्याण कोष

Digitally signed by Pyare Lal
Date: 2024.07.15 07:41:53 -07:00
Location: 192.168.201.181